# राष्ट्रीय कर्मयोगी जनसेवा कार्यक्रम

ICFRE-ERC, प्रयागराज दिनाँक 28.08.2025 को डॉ. अनीता तोमर एवं श्री आलोक यादव (वैज्ञानिक-एफ) के कुशल संचालन में 'राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जनसेवा कार्यक्रम' का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भा. वा. अ. शि. प. पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केंद्र प्रयागराज एवं भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण मध्य क्षेत्रीय केंद्र के कर्मचारियो व अधिकारियों ने भाग लिया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को 4 मॉड्यूल्स के माध्यम से कर्मयोग, जनसेवा, कार्य निष्पादन क्षमता एवं संगठनात्मक उत्तरदायित्व से संबंधित पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया।

विभिन्न समूह गतिविधियों, विचार-विमर्श सत्रों तथा केस स्टडीज के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव व विचार साझा किए और कर्मयोगी दृष्टिकोण से कार्य करने का संकल्प लिया।

प्रतिभागियों ने इस अवसर को आत्मचिंतन, आत्ममूल्यांकन तथा आत्मविकास का मंच बताया और भविष्य में अपने कार्यों को और अधिक पारदर्शी, संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने का संकल्प लिया।

इस मिशन के माध्यम से सरकारी कर्मचारियों को अपनी सोच एवं दृष्टिकोण को आधुनिक बनाना तथा अपने कौशलों को और बेहतर करना है। यह आयोजन न केवल प्रतिभागियों के व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण रहा, बल्कि संगठनात्मक स्तर पर भी जनसेवा और कर्मयोग की भावना को सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। साथ ही, कार्यक्रम ने यह भी स्पष्ट किया कि कर्मयोग केवल कर्तव्य पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का नाम है।



भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण मध्य क्षेत्रीय केंद्र के आमंत्रण पर श्री आलोक यादव, वैज्ञानिक-एफ द्वारा मास्टर ट्रेनर कि भूमिका अदा करते हुए डॉ ओ .पी. मौर्य के साथ दिनांक 19.08.2025 को भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण मध्य क्षेत्रीय केंद्र के कर्मचारियो व अधिकारियों के लिए 'राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जनसेवा कार्यक्रम' के आयोजन में योगदान प्रदान किया


















Mission
Karmayogi